# ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास करने वाली गाजियाबाद गैंग का पर्दाफाश

## बजाज नगर पुलिस ने गिरोह के छह बदमाशों को दबोचा, पूछताछ जारी

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास की वारदात का पर्दाफाश करने वाली गाजियाबाद गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने बदमाशों के पास से एक किराए पर ली गई कार भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा इसी किराए की कार से बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने अर्जुन नगर अंडरपास के पास पीएस ज्वेलरी शोरूम पर 16 जून को डकैती करने के प्रयास मामले में कन्हैया मौर्य (21), राहुल यादव (21),शिवम प्रजापति उर्फ शुभम (19), रितिक भारती (24),सुदेश कुमार (19) और संदीप (21) को (बापर्दा) गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी टीला मोड़ जिला गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) इलाके के रहने वाले है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी ऑनलाइन गेमिंग खेलने के आदि है जो ऑनलाइन सट्टे में काफी पैसे हार जाने से कर्जा होने के कारण मुख्य आरोपी कन्हैया मौर्य जो महेश नगर में ही रहता है और मूलरूप से गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने घर के नजदीक अर्जुन नगर फाटक के पास स्थित ज्वेलरी की दुकान की दो दिन तक रेकी करते रहे। जिस के बाद बदमाश कन्हैया मौर्य ने अपनी दोस्तों को गाजियाबाद से जयपुर बुलाकर घटना को अंजाम दिया।




**बजाज नगर पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम में लूट का प्रयास की वारदात का पर्दाफाश कर गाजियाबाद गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

- **बदमाशों में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए किराए पर ली थी कार**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि 16 जून को हुई लूट का प्रयास की वारदात की गंभीरता को देखते हुए वारदात में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिये टीम गठित की गई। टीम के सदस्यों ने दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए घटनास्थल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करते हुए मुखबिर से सूचना एकत्रित की गई तथा इस दौरान ही वारदात करने में काम ली गई कार के बारे में अहम जानकारी निकाली।

कार डौर कार रेंटल के ऑफिस जंक्शन जयपुर से रेंट पर आरोपी कन्हैया मौर्य व राहुल यादव ने ली थी। कार रेंटल के ऑफिस से बदमाशों के नाम पता के बारे जानकारी करके वारदात में शामिल बदमाशों को पकडा।

## आवासन मंडल आयुक्त को राहत

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की पालना नहीं करने से जुडे मामले में आवासन मंडल आयुक्त को राहत दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जिला उपभोक्ता आयोग की ओर से की जा रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश आवासन मंडल आयुक्त की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जिला उपभोक्ता आयोग ने गत दिनों आवासन आयुक्त सहित अन्य के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए थे। सुनवाई के दौरान आवासन आयुक्त अदालत में पेश हुई। उनकी ओर से प्रकरण को लेकर मंडल की ओर से की गई कार्रवाई की अदालत को जानकारी दी गई। इस पर अदालत ने जिला उपभोक्ता आयोग की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि रमेश चन्द्र गुप्ता ने जनवरी, 1980 में मानसरोवर योजना में मध्यम आय वर्ग के आवास के लिए आवेदन किया था। परिवादी ने पता बदलने पर नए पते की सूचना भी आवासन मंडल को दी थी, लेकिन मंडल ने मकान का आरक्षण पत्र पुराने पते पर ही भेजा। जिससे वह तय अवधि में राशि जमा नहीं करा सका। वहीं बाद में कई बार प्रार्थना करने पर भी उसे मकान का आवंटन नहीं किया। इस पर परिवादी ने साल 2013 में जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश किया। जिस पर 3 मई, 2016 को फैसला देते हुए आयोग ने साल 2010 की दर से दो माह में आवास आवंटित करने को कहा और साथ ही आवासन मंडल पर 1.10 लाख रुपए का हर्जाना लगाया।

# दंपत्ति ने एक ही पंखे से लटककर जान दी

**जयपुर** । मुहाना थाना इलाके में एक दम्पती द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाए है। दम्पती की 11 और आठ साल की दो बच्चियां भी है। खास बात यह है कि युवक का शव फंदे से लटका था तो महिला का शव फर्श पर पड़ा मिला है। हालांकि पुलिस मामले को सुसाइड मान कर जांच करने में जुटी है। मौके पर पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार मुहाना रोड पर पटेल नगर निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह आईसीआईसीआई बैंक में इंश्योरेंस का काम करता था। शुक्रवार को पति-पत्नी में अनबन हो गई। अनबन के बाद महिला ने फंदा लगा लिया। जब धर्मेंद्र बाजार से लौटा तो 36 वर्षीय सुमन चौधरी फंदे से लटकी मिली। इस पर धर्मेंद्र ने उसे फंदे से उतारा और फिर खुद भी फंदे से लटक गया। जब दोनों पति-पत्नी शाम को बाहर नहीं आए तो आस-पास के लोगों ने घर जाकर देखा तो युवक फंदे से लटका मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को फंदे से उतारकर व महिला को शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया।

थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पटेल नगर में एक दम्पती से सुसाइड किया है। दोनों में आपस में कहासुनी होने की बात सामने आ रही है। कहासुनी के बाद पति बाजार चला गया। इस महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। पति वापस लौटा तो महिला फंदे से लटकी मिली। इस पर पति ने उसे उतारा और उसकी पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। महिला के गले पर फंदे का निशान मिला है। दंपति के दो बच्चियां है जो कि स्कूल की छुट्टियां होने के कारण गांव गई हुई है। मामले की जानकारी दंपति के परिजनों को दे दी है।

## सार-समाचार

### उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी से शिष्टाचार भेंट



**जयपुर** । श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के त्रिवार्षिक चुनाव, जो कि 22 जून को संपन्न हुए। शुक्रवार को देहात कार्यकारिणी के संरक्षक मोती सिंह सांवली के नेतृत्व अध्यक्ष भरत सिंह नाथावत महेशवास, महामंत्री गजेन्द्र सिंह खंगारोत, सदस्य जेठू सिंह आष्टी, केंद्रीय कार्यकारिणी में महामंत्री प्रत्याशी रहे भगवान सिंह हाथोज और हनुवंतसिंह ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की व विभिन्न सामाजिक मुद्दो पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकारिणी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों की योजना से अवगत कराया। दिया कुमारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज हित में न्यायोचित कार्य करने की सलाह दी व अच्छे कार्य करने में सदैव सहयोग का आश्वासन दिया।

### एसीएमई सोलर का पॉवर परचेस एग्रीमेंट

**जयपुर** । एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, एसीएमई सीकर सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में 300 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 वर्षों का पॉवर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) साइन किया है। इस समझौते में 3.05 रुपए प्रति यूनिट की तय दर पर बिजली देने का करार हुआ है। यह समझौता सोमवार को एसीएमई सीकर द्वारा 300 मेगावाट का प्रोजेक्ट शुरू करने के बाद किया गया है। यह निविदा पहले सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) की आईएसटीएस अठारहवीं ट्रेंच के तहत प्राप्त की गई थी, और इसकी तय टैरिफ दर को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने 30 मई, 2025 को औपचारिक मंजूरी दी थी। समझौते के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से बिजली आपूर्ति 30 जून 2025 या उससे पहले शुरू होनी चाहिए। इस प्रोजेक्ट को इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) शुल्क से छूट भी प्राप्त है, क्योंकि इसकी निर्धारित वाणिज्यिक संचालन तिथि (एससीओडी) जून 2025 की सरकारी समयसीमा से पहले की है। यह प्रावधान सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को समय पर शुरू करने के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहनों के अनुरूप है।

### डॉक्टर्स लीग के पोस्टर का विमोचन




**जयपुर** । मेडिकोज़ सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 25 से 27 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल चतुर्थ संस्करण का राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजन किया जायेगा। इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड सिंगर रविन्द्र उपाध्याय है। डीएमपीएल लीग सीजन 4 के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। इस अवसर पर लीग के आयोजन सचिव डॉ.अनिल यादव ,लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डा.हरीश भारद्वाज व डॉ संजय सिंह शेखावत उपस्थित रहे । लीग संयोजक डॉ संदीप निझावन ने बताया कि ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में हेमंत भट्ट, उमा, भारत पटेल, दीपक माथुर, डॉ. वंदना खुराना व डॉ. सत्यवती शर्मा जूरी रहेंगे और चिकित्सकों के गायन कौशल की समीक्षा करेंगे । ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने ने बताया की प्रतियोगिता में स्वर बैंड गुलाम के द्वारा गीतकारों को संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हर्षुल टाक व डॉ रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि लीग के लिए ऑडिशन 6 जुलाई को व टीम ऑक्शन 13 जुलाई को होगा। इस लीग में राजस्थान व अन्य दूसरे राज्यो के चिकित्सक भाग लेंगे ।

### आभूषण लूट की कोशिश करने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोने के आभूषण और पर्स लूटने की कोशिश करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोने के आभूषण और पर्स लूटने की कोशिश करने वाले शातिर बदमाश चिरंजी उर्फ चरणजीत उर्फ राम चरण बागरिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब पीने का आदतन अपराधी है और चैन पर्स लूटना पेशा है। पुलिस ने 300 सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जहां आरोपी दिल्ली में फुटपाथ पर सोकर फरार काट रहा था। जहां आरोपित कथित सास ससुर और पत्नी के साथ चोरी छुपे रह रहा था। वहीं पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त किया है। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ कई थानों में 11 से ज्यादा लूट समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को पकड़कर जयपुर ला रही थी। लघुशंका के बहाने आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश भी की। इस दौरान दीवार कूदने से आरोपी पत्थरों पर जा गिरने से हाथ पैरों में गंभीर चोट लगी है। जांच में सामने आया कि आरोपी सफेद तौलिया बांधकर अकेला बाइक पर सवार होकर लूट की वारदात करता है। गौरतलब है कि 15 जून को आरोपित ने इवनिंग वॉक वॉक पर निकली एक महिला को निशाना बनाया था और फिर पर्स लूटने वक्त सर के बल सड़क पर महिला गिर गई थी। घटना में घायल महिला अब तक कोमा में चल रही है।

## मंत्री कुमावत ने निजी आवास पर सुनी आमजन की समस्याएं

**जयपुर**। पशुपालन, गौपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर स्थित अपने निजी आवास आम नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने सभी प्रस्तुत प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

कुमावत ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार एक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के लिए कटिबद्ध है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और विश्वास सर्वोपरि है। जोराराम कुमावत ने कहा कि शासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल आदेशों के अनुपालक नहीं, बल्कि शासन की नीतियों के संवाहक भी हैं और जनता की सेवा में उनके व्यवहार में संवेदनशीलता, तत्परता व उत्तरदायित्व का भाव झलकना चाहिए।

जनसुनवाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा को जीवंत बनाए रखने का मंच है। जनसुनवाई, सरकार और नागरिकों के बीच मजबूत संवाद का माध्यम है। इससे नागरिकों में यह विश्वास पनपता है कि सरकार उनकी बात सुनती है, समझती है और समाधान की दिशा में कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा और राजस्व जैसी आवश्यक सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति को सुगमता से उपलब्ध हों। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, बिजली वितरण, स्वायत्त शासन, पेयजल आदि विभागों से जुड़ी अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। मंत्री ने सभी प्रकरणों को व्यक्तिगत रूप से सुना, वस्तुस्थिति जानी और अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश जारी किए कि समाधान निष्पक्ष, त्वरित और जन संतोष के अनुरूप हो।

## टीबी नियंत्रण के लिए स्टेट टास्क फोर्स की मीटिंग

**जयपुर** । राज्य सरकार की टीबी उन्मूलन मुहिम को नई गति देने के उद्देश्य से आज चिकित्सा निदेशालय, जयपुर स्थित सभागार में जिला क्षय अधिकारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेशभर से सभी जिला क्षय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डॉ. शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्षणात्मक टीबी मरीजों की पहचान और जांचों की संख्या में इज़ाफा किया जाए। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार टीबी मुक्त राजस्थान के लक्ष्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसके लिए संवेदनशील आबादी की प्रभावी स्क्रीनिंग जरूरी है।" निदेशक ने स्वास्थ्य कार्मिकों को भी इस अभियान में पूर्ण सक्रियता से भाग लेने के निर्देश दिए, साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में राज्य क्षय अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सोनी और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस.एन. धोलपुरिया ने भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

# हैरिटेज निगम प्रशासन ने जलमहल में सफाई कराने के लिए नांव उतारी

## कमिश्नर डॉ. निधि पटेल ने एक दिन पहले किया था निरीक्षण

**जयपुर ( कासं )**। हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर डॉ. निधि पटेल की नाराजगी के बाद शुक्रवार को अधिकारियों ने जलमहल की पाल पर सफाई के लिए नांव उतारी।

आयुक्त के निर्देश के बाद निगम प्रशासन ने यहां सफाई कर्मचरियों और संसाधनों की सहायता से सफाई की। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही निगम आयुक्त ने जल महल की पाल का निरीक्षण किया था, निरीक्षण के दौरान आयुक्त निधि पटेल ने अधिकारियों को पाल पर ठोस सफाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद हैरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता किशन लाल मीणा ने यहां नाव की सहायता से भी कचरे को बाहर निकालने का अभियान छेड़ा।

- **पर्यटन स्थलों पर कचरा करने वालों से पहले करेंगे समझाइश, नहीं माने करेंगे सख्त कार्रवाई**



आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि जयपुर शहर पर्यटन नगरी है। देश विदेश से आने वाले पर्यटक शहर की सुंदर छवि लेकर साथ जाएं। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए आमजन को जागरूक कर समझाइश भी की जाएगी। इसके बाद पर्यटन स्थलों पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

# बाढ़ नियंत्रण में धांधली : कट्टे में 30 किलो के बजाय 8-10 किलो मिट्टी भर रहा ठेकेदार

## हैरिटेज निगम ने मैसर्स एस.डी.कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग को नोटिस थमाया



**हैरिटेज निगम के चेयरमैन पवन शर्मा और सिविल लाइन जोन उपायुक्त ने कांवटिया सर्किल स्थित बाढ़ नियंत्रण केंद्र में मिट्टी के वजन की गड़बड़ी पकड़ी।**

**जयपुर ( कासं )**। हैरिटेज नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण के काम की आड़ में धांधली सामने आयी है। यहां ठेकेदार द्वारा कट्टे में 30 किलो के बजाय 8-10 किलो मिट्टी भरकर ज्यादा नग गिनाये जा रहे हैं।

शुक्रवार को हैरिटेज निगम के चेयरमैन पवन शर्मा और सिविल लाइन जोन उपायुक्त ने औचक निरीक्षण के दौरान कांवटिया सर्किल स्थित बाढ़ नियंत्रण केंद्र में यह गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद देर शाम को हैरिटेज निगम के अधिशाषी अभियंता ने यह टैंडर लेने वाली फर्म मैसर्स एस.डी.कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग प्रा. लि. को नोटिस जारी किया। चेयरमैन पवन शर्मा (नटराज) ने जब मिट्टी के कट्टों में 8-10 किलो ही वजन देखा तो उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कट्टे में कम से कम 30 से 35 किलोग्राम मिट्टी अवश्य होनी चाहिए। यह धांधली उजागर होने के बाद अधिशाषी अभियंता ने ठेकेदार फर्म को नोटिस जारी किया, साथ ही चेतावनी दी कि या तो टैंडर की शर्तों के मुताबिक 30 किलो वजन का मिट्टी का कट्टा भरा जाए, अन्यथा निगम प्रशासन को फर्म के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

## शिव महापुराण कथा में अहंकार त्याग व शिव आराधना का संदेश

**जयपुर**। कांति चंद्र रोड बनी पार्क में श्री शिव महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण में कथा का भावपूर्ण आयोजन हुआ। संत संतोष सागर महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को शिवलिंग, रुद्राक्ष और भस्म की महिमा का विस्तार से श्रवण कराया।

विशाल वाटरप्रूफ वातानुकूलित डोम में आयोजित इस कथा कार्यक्रम में शिव-पार्वती, नारद एवं भगवान विष्णु की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संतोष सागर महाराज ने भगवान शिव और नारद जी के प्रसंग के माध्यम से भक्ति, तप, धन और शक्ति जैसे साधनों में भी अहंकार न पालने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, भोजन, भजन और भार्या का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे भजन खंडित होता है और अहंकार जन्म लेता है।

उन्होंने बताया कि नारद जी को जब अपने तप का गर्व हुआ और उन्होंने भगवान शिव से तुलना की, तब उनके भीतर अहंकार जागा। भगवान विष्णु ने उन्हें यह सिखाया कि बिना भगवद कृपा के इच्छाओं का अंत नहीं होता। एक कामना समाप्त होती है तो दूसरी जन्म लेती है। यही अहंकार अंततः बुद्धि भ्रष्ट कर देता है और व्यक्ति विनाश की ओर अग्रसर होता है। संत संतोष सागर ने कहा कि काम और क्रोध मनुष्य की शक्ति को क्षीण कर देते हैं। उन्होंने नारद जी द्वारा जल में बंदर रूपी प्रतिबिंब देखने की कथा का उल्लेख किया।

# रूतबा दिखाने के लिए शादी में अवैध हथियार से फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## मुरलीपुरा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध देशी कट्टा और खाली कारतूस जब्त किया

**जयपुर ( कासं )**। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से अवैध देशी कट्टा और एक खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपना स्टेटस बढाने के लिए एक शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग की थी और हवाई फायरिंग करने पर एक दोस्त के जांघ में गोली लगने पर फरार हो गए थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत अपना स्टेटस बढाने के लिए एक शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग करने वाले शाहिल कुरैशी उर्फ दुर्लभ और तैयब पठान को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित भट्टा बस्ती जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से अवैध देशी कट्टा और एक खाली कारतूस भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि शादी समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध हथियार से हवाई फायरिंग की थी और हवाई फायरिंग करने पर मोहम्मद आसिफ की जांघ में गोली लगने पर फरार हो गए थे।




- **पुलिस ने बताया कि हवाई फायरिंग के दौरान एक युवक की जांघ में गोली लग गई थी, उसके बाद आरोपी फरार हो गए थे**

थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि घालय मोहम्मद आसिफ ने ट्रामा सेन्टर एसएमएस अस्पताल से पर्चा बयान किया था कि उसकी शादी का रिसेप्शन व बहन फिजा की शादी का प्रोग्राम अलका सिनेमा सीकर रोड के पीछे अल्का मैरिज गार्डन में आयोजित था। उसकी बहन की शादी संपन्न हो गई थी विदाई हो रही थी। तभी उसके दोस्त फैजान पठान व दुर्लभ मेवाती, तययब पठान मैरिज गार्डन मे आये थे और खाना खाने के बाद स्टेज पर तैयब पठान ने देसी कट्टा निकाला व कट्टे में कारतूस डालकर हवाई फायर करना चाहा लेकिन फायर नहीं हुई थी। उसके बाद दुर्लभ मेवाती ने कट्टा अपने हाथ में लिया तथा हवाई फायर करना चाहा तो उसने दुर्लभ मेवाती को रोकना चाहा तो दुर्लभ मेवाती ने अचानक फायर कर दिया।

दुर्लभ मेवाती ने फायर करते समय वापसी हाथ नीचे किया था। जिस पर गोली उसकी दाहिनी जांघ में लगने पर तीनों दोस्त भाग गए। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन से शाहिल कुरैशी उर्फ दुर्लभ और तैयब पठान को पकड कर उनके पास से एक देशी कट्टा व खाली कारतूस भी बरामद किया गया। वहीं पुलिस अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे पूछताछ की जा रही है।

## चाकू दिखाकर दो बदमाशों ने युवक को लूटा

**जयपुर** । करधनी थाना इलाके में दो बदमाशों ने एक युवक को चाकू दिखाकर लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जयनारायण व्यास कॉलोनी बीकानेर हाल तारा नगर झोटवाड़ा निवासी रवि सिहाग ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रहा था इसी दौरान बैनाडा में श्मसान भूमि के पास पानी पीने के लिए रुका। इसी दौरान दो युवक भी उसके पास आ गए। एक युवक ने कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। इस पर उसने अपना मोबाइल उसे दे दिया। वह एक थडी के पास कोने में जाकर खड़ा हो गया।

युवक ने उसे फोन का लॉक खोलने के लिए बुलाया। जैसे ही वह थड़ी के पास पहुंचा तो दूसरे युवक ने चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर लगा दिया। इसके बाद आरोपी ने डरा धमका कर उसकी जेब से 1 हजार 300 रुपए निकाल लिए और वहां से चलते बने। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।